आपात स्थिति से निपटने के लिए केकड़ी में पेट्रोल पम्प पर प्रशासन ने मॉक ड्रिल की

'मॉक ड्रिल व्यक्ति को स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर देता है'

केकड़ी, (निसं)। रिलायंस बीपी मोबिलिटी के केकड़ी में अजमेर रोड़ स्थित पेट्रोल पम्प पर मंगलवार को एक सफल मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत पेट्रोल पम्प परिसर में आग लगने की स्थिति में पम्प के कर्मचारियों की तत्परता और आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव, प्रवर्तन अधिकारी अब्दुल सादिक एवं प्रवर्तन निरीक्षक अतुल भड़ाया व हिमानी पिपलीवाल मौजूद थे। मॉक ड्रिल में पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर अटल शर्मा, गोपाल जाट व शिवलाल धाकड़ सहित एक दर्जन कर्मचारी शामिल हुए। गौरतलब है कि मॉक ड्रिल एक अभ्यास होता है, जिसमें एक प्रशिक्षण तकनीक के अंतर्गत किसी विशेष आपातकालीन स्थिति की नकल की जाती है।



केकड़ी में पेट्रोल पंप पर आग लगने का मॉकड्रील किया गया।

जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने इस अवसर पर पम्प के कर्मचारियों की कुशलता व तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि मॉक ड्रिल करने के कई फायदे होते हैं। यह व्यक्ति को वास्तविक जीवन में आने वाली स्थितियों के लिए तैयार करता है तथा यह व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को समझने और उन्हें सुधारने का मौका देता है। मॉक ड्रिल व्यक्ति को स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर देता है, साथ ही यह उन्हें अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की संभावना भी देता है।

प्रवर्तन अधिकारी अब्दुल सादिक ने मॉक ड्रिल को व्यक्ति के लिए वास्तविक जीवन में आने वाली स्थितियों के लिए तैयार करने का एक अभ्यास बताया। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास उन्हें स्वयं को सुधारने और विभिन्न स्थितियों में सक्रिय रहने की क्षमता प्रदान करता है।

रिलायंस बीपी मोबिलिटी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में पेट्रोल पम्प के संचालक संजय कटारिया व महेंद्र प्रधान ने अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने पेट्रोल पंप की व्यवस्थाओं व इंतजामों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और बेहतरीन प्रबंधन की भूरी भूरी प्रशंसा की।

घंटाघर के पास बनी दीवार में आई दरार

अजमेर, (कासं)। क्लॉक टॉवर व्यापारिक संघ ने मंगलवार को जिला प्रशासन को एक बड़ी दुर्घटना होने की ओर ध्यान आकर्षित किया। रेलवे स्टेशन के सामने घंटाघर के समीप एक बहुत बड़ी दीवार जिसकी ऊंचाई 15 से 20 फुट उसमें कई बड़ी दरारें आ गई है, यह दरारें एक बहुत बड़े हादसे की ओर इशारा कर रही है।

क्लॉक टॉवर व्यापारिक संघ के अध्यक्ष मोती जेठानी ने बताया कि रेलवे स्टेशन से मदार और दरगाह की ओर जाने वाले इस मार्ग से रोजना हजारों जायरीन व आम नागरिक का उपयोग करते है, यह दीवार पिछले कई वर्ष पुरानी है, मरम्मत के नाम पर करोना काल में भी इसकी मरम्मत की गई थी, लेकिन अब जर्जर स्थिति में है। यदि दीवार को तुरन्त नहीं हटाया गया तो इस बरसात में कोई बहुत बड़ी दुर्घटना घट सकती है। प्रशासन के कई अधिकारियों को मौखिक रूप से बताया गया परन्तु इस ओर जनप्रतिनिधि, अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहा है व एक दूसरे विभाग को जिम्मेदार ठहरा कर पल्ला झाड़ लेते है। उन्होंने कहा कि जागरुक नागरिक होने के नाम प्रशासन की नींद जगाना चाहते है, कोई बड़ा हादसा या जनहानि होती है तो उसके जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सार-समाचार

विद्यालय में पंखे वितरण किये

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। माहेश्वरी महिला मंडल ने सेवा सरोकार की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हाउसिंग बोर्ड स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में भीषण गर्मी को मद्देनजर रख पंखे वितरण किये। अध्यक्ष सरिता मंत्री ने बताया कि कक्षा कक्ष में पंखे नहीं लगने के कारण बच्चो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए महिला मंडल तत्काल बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए पंखे वितरण किये। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह रावत, अमित शर्मा, उर्मिला शर्मा, सुमन रावल व स्टॉफ के अलावा माहेश्वरी महिला मंडल सचिव अलका मूंदड़ा, सुनीता लड्ढा, गायत्री कचोलिया शशि माहेश्वरी, साधना तोषनीवाल, इंदु राठी, कीर्ति बाहेती उपस्थिति रही। प्रिंसिपल रावत ने आभार व्यक्त किया।

आवागमन बाधित हो रहा

मकराना, (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग स्टेट - हाइवे पर भी अनदेखी कर रहा है जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है। - मंगलाना से मकराना होकर बोरावड़ - व बिदियाद की तरफ जाने वाले स्टेट हाइवे 2बी पर ट्रक यूनियन के पास बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है। यहां पर पीपीपी मोड में एक तरफ सीमेंटेड सड़क का निर्माण हुआ है जिससे सड़क का लेवल एक फीट तक ऊपर हो गया है। सड़क के बीच में पानी की - गहराई दो फीट से ज्यादा है। इस कारण कार, बाइक जैसे छोटे वाहनों को निकलने में परेशानी होती है। कारें तो कुछ जगह पानी में डूब जाती है। सड़क पर एक तरफ का भाग थोड़ा ऊंचा है जिससे छोटी कारों में भीतर बैठे लोगों को वाहन पलटने का भय सताता रहता है। नागरिकों ने बताया कि यह शहर का व्यस्ततम मार्ग है। दिनभर में उपखण्ड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी, तहसीलदार, खनि अभियंता सहित ब्लॉक के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी वाहनों से इस सड़क से होकर ही आवागमन करते हैं परंतु बारिश में पैदा हुई इस जलभराव की गंभीर समस्या के निस्तारण की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखण्ड के निकटवर्ती ग्राम शेरगढ़ के गांव भीलों का बाड़िया निवासी हगामीलाल (55) पुत्र कालू को शेरगढ़ के समीप अज्ञात वाहन चालक टक्कर मार कर भाग गया। राहगीर महेन्द्र व अरबाज ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को 108 एम्बुलेंस चालक राजेन्द्र जाट व कम्पाउंडर भागचंद चौधरी ने मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ काली गुर्जर द्वारा घायल हगामीलाल का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार भीलों का बाड़िया निवासी हगामीलाल को अज्ञात वाहन चालक टक्कर मार दी। बिजयनगर से मसूदा आ रहे महेंद्र माली व अरबाज वहां से गुजर रहे थे कि शेरगढ़ के पास वृद्ध घायल अवस्था में सड़क पर गिरा पड़ा है। उन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। दोनों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुचकर घायल को मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया।

घर में घुसकर मारपीट, मामला दर्ज

मकराना, (निसं)। मकराना पुलिस थानांतर्गत ग्राम जुसरिया के एक घर में घुसकर गाली-गलौच व मारपीट करने की एक रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज करवाई है। जुसरिया निवासी उमाराम (58) पुत्र बिरदाराम जाट ने रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र मूलाराम जुसरिया में ही एक मेडिकल की दुकान चलाता है। उसका भतीजा चेलाराम आदतन शराबी है। ग्राम का ही भारताराम पुत्र परसाराम शुरू से ही उसके परिवार से अदावत रखता है, जिसके चलते वह उसके शराबी भतीजे चेलाराम व अपने पुत्र प्रकाश के द्वारा उसकी मेडिकल दुकान पर आए दिन गाली-गलौच व झगड़ा करवाता रहता है। उसने बताया कि गत 19 जून की रात्रि 8 बजे उसका पुत्र मूलाराम अपनी मेडिकल दुकान बंद कर घर के लिए रवाना हो हुआ। उसी दौरान रात्रि को ही चेलाराम, प्रकाश व भरताराम लड़ाई-झगड़े के उद्देश्य से उसके घर में घुस आए और गाली-गलौच की और मारपीट की।

25 छायादार पौधे लगाये

परबतसर, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किए गए अभियान एक पौधा मां के नाम के तहत भाजपाईयों ने बड़ू मोक्ष धाम में नीम, शीशम, करज सहित 25 छायादार पौधरोपण कर देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री अमन जैन, कोषाध्यक्ष श्रीराम तोषनीवाल, रामरतन शर्मा, मोनू माहेश्वरी, अमरदीप सिंह सहित अन्य भाजपाकार्यकर्ताओं मौजूद रहे।बच्छवास रोड पर सोमवार को उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर का लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया।

सात ट्यूबवैल खुदवाई

परबतसर, (निसं)। गांवों में पेयजल समस्या समाधान के लिए जलदाय विभाग परबतसर के द्वारा पूर्व विधायक की अनुशंसा पर 7 ट्यूबवैल खोदी गई। जानकारी के अनुसार गर्मी के दिनों में पेयजल आपूर्ति के संकट को दूर करने के लिए ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया से ट्यूबवैल की मांग की। जिस पर पूर्व विधायक की अनुशंसा पर ग्राम किनसरिया, बिसास, गांगवा में गुर्जरों की ढाणी, मेरासी, खुडियास, नाडा बेरा की ढाणी पीलवा, नाथों की ढाणी में 7 ट्यूबवैल खुदवाई गई।

सड़क में जगह-जगह बड़े गढ्ढे दुर्घटना को देते न्यौता

- आल इंडिया कौमी एकता कमेटी ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। आल इंडिया कौमी एकता कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दरगाह संपर्क सडक़ की खस्ता हालत को सुधारने और मार्ग पर लाइट लगा कर रोशन के उचित प्रबंध की मांग की है। बरसात के दिनों में दरगाह संपर्क सडक़ मार्ग के हालत बहुत खस्ता है, मार्ग पर जगह-जगह बड़े गढ्ढे दुर्घटना को न्यौता दे रहे हैं। स्थानीय निवासी सहित दरगाह जियारत के लिए आने वाले जायरीन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिला प्रशासन से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग भी की है।

ऑल इंडिया कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष बदरुद्दीन कुरैशी और जन सेवा समिति के रमेश लालवानी ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को दिए ज्ञापन में बताया कि मुस्लिम समाज का मोहर्रम पर्व शुरू हो गया है और सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह की जियारत के लिए अजमेर में जायरीन की आवक होने लगी है। दरगाह संपर्क सडक़ पर अव्यवस्थाओं का आलम है, जिससे क्षेत्रवासियों सहित आम जायरीन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से सैकड़ों लोग व जायरीन दरगाह आते-जाते हैं। उन्होंने बताया कि मार्ग को दुरुस्त करने के लिए विगत दिनों मोहर्रम की तैयारियों को लेकर हुई मीटिंग में मांग उठाई थी। कुरैशी व लालवानी ने बताया कि एडीएम सिटी, कलेक्टर, नगर निगम के आयुक्त, वृत्त निरीक्षक पुलिस थाना गंज को ज्ञापन देकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करवाने की मांग की है। हाजी सदरुद्दीन कुरैशी, सरदार बलबीर सिंह, अशोक बुन्देल, गुणवन्त राहुल, सिस्टर केरोल गीता, रमेश लालवानी, राजेन्द्र कुमार मूरजानी, शहनाज खान, आरिफा खान, पंडित दिनेश शर्मा सहित क्षेत्रवासियों ने मार्ग को सही कराने की मांग की है।

बड़े बड़े गढ्ढे, कीचड़ से वाहन चलाने में परेशानी:- ऑल इंडिया कौमी एकता कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दरगाह संपर्क सडक़ पुष्कर रोड से निकाल कर नाग फनी होते हुए ढाई दिन के झोपड़ी तक जाती है, दरगाह संपर्क सडक़ जो प्रशासन की अनदेखी से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो रही है।

76वां स्थापना दिवस मनाया

बिजयनगर, (निसं)। संजीवनी महाविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का76 वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी और चमच रेस जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं।कार्यक्रम में नगर मंत्री नितिन मुकेश प्रजापति की उपस्थिति रही। आयोजक संजीवनी महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष तुषार कतिरिया एवं छात्र प्रतिनिधि तिलक मेवाडा ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। सभी विजेताओं को उनकी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तुषार कतिरिया,उमा साहू, तिलक मेवाडा, मीनाक्षी, संगीता, प्रिया, शिवानी, हर्षिता,दिलखुश,संचित सोनी, देशराज, कन्हैयालाल, रोहित सहित पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

चिकित्सकों ने पेलिएटिव केयर पर की चर्चा

जे.एल.एन. अस्पताल में लाइलाज बीमारी पर कार्यशाला आयोजित

अजमेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के सभागार में लाइलाज बीमारियों को लेकर मंगलवार को आमजन में जागरुकता लाने के उद्देश्य को लेकर परिचर्चा आयोजित हुई। परिचर्चा में चिकित्सकों ने पेलिएटिव केयर के महत्व और इसके बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

जेएलएन अस्पताल के चिकित्सक डॉ. दीपक ने बताया कि अजमेर के जेएलएन अस्पताल में पेलिएटिव केयर का एक विशेष विभाग भी मौजूद है, जोकि इस क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने समझाया कि कैंसर, पैरालिसिस, हार्ट अटैक जैसी लाइलाज बीमारियों से पीडित् मरीजों के लिए पेलिएटिव केयर अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेलिएटिव केयर का उद्देश्य मरीजों को उनके जीवन के अंतिम समय में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से आराम प्रदान करना है। इसमें दर्द निवारण, मानसिक संबल और आध्यात्मिक समर्थन शामिल होता है, जिससे मरीज और उनके परिवार को इस कठिन समय में राहत मिलती है। चिकितसक दीपक ने बताया कि पेलिएटिव केयर से मरीजों की जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है और वे बेहतर तरीके से अपने बाकी के जीवन को जी पाते हैं।

ऑनलाईन व्यापार बंद व टैक्स प्रणाली सरल बनाने की मांग

- श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के आगामी बजट में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से की मांग

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के आगामी बजट में दोनों सरकारों से संयुक्त प्रयास करके छोटे छोटे व्यापारियो के व्यापार पर विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए ऑन लाईन व्यापार पर प्रतिबंध लगवाने, जूतों पर जीएसटी कर कपडों के समान 12 प्रतिशत करने, व्यापारी द्वारा स्वयं जीएसटी अदा करने के प्रमाण के साथ माल खरीद वाले व्यापारी द्वारा टैक्स अदा नहीं करने की जिम्मेदारी से मुक्त कराने, जीएसटी कर को सरल करने, आयकर सहित अन्य प्रणाली का सरलीकरण करवाने, आयकर की छूट सीमा को दस लाख रुपए करने, पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने, व्यापारियो की सुविधा हेतु रात्रि बैंको का संचालन करवाने करने की मांग श्री अजमरे व्यापारिक महासंघ ने की है।

पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी बजट में अजमेर में विशाल ट्रासपोर्ट नगर को बनवाने, अमृतसर, मुम्बई वाया ब्यास रेल का नियमित संचालन करवाने, पुष्कर मेडता रेल लाईन का शीध्र कार्य करवाने, डीएमयू अथवा ईएमयू रेलो का संचालन करवाने, आदर्श नगर विज्ञान नगर रेल ओवर ब्रिज, जोन्सगंज डबल फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य करवाने मांग। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के रमेश लालवानी, कालीचरणदास खण्डेलवाल, संतोष बर्मन, ओमप्रकाश टांक, महेन्द्र बंसल, राजेश गोयल रणवीर सैनी, मोइन खान, किशोर टेकवानी, मितेश निचानी, हरीश अगनानी, हरीश आदि ने मांग की है।

लायंस क्लब मंगरोप शताब्दी शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह संपन्न

- लॉयन सुभाष दुदानी अध्यक्ष, राजेश पाटनी सचिव बने

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के एक रिसॉर्ट में लायंस क्लब मंगरोप शताब्दी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

शुभारंभ में दीप प्रज्वलन कर ध्वज वंदना एवं विश्व शांति के लिए 2 मिनट मौन रखा। क्लब के सचिव स्वाति सोढानी ने दो वर्ष में की गई गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शपथ अधिकारी लॉयन मनिंदर सिंह चंडोक द्वारा अध्यक्ष- सुभाष दुदानी, सचिव- राजेशपाटनी, कोषाध्यक्ष- के.सी. अजमेरा उपाध्यक्ष- आर.एस. राठी, अपेक्षा अजमेरा, क्लब प्रशासक- सुरेंद्र जैन, लायनटेमर-नरेश सेठी, टेल ट्विस्टर- रेखा लढा, चेयरमैनमार्केटिंग-कविताशर्मा, चेयरमैनमेंबरशिप- अनिल छाजेड़, चेयरमैन सोशल सर्विस- स्वाति सोढानी, पी.आर.ओ पवन अग्रवाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं

लायंस क्लब ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर सम्मानित किया।

इनका सम्मान किया। मनिंदर चंडोक ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े सेवा संगठन का पदाधिकारी होना गर्व की बात होती है। समाज सेवा करने का यह महत्वपूर्ण संगठन है। नव अध्यक्ष सुभाष दुदानी ने कहा कि इस वर्ष जीव दया पर्यावरण पर विशेष कार्य किया जाएगा। रीजन चेयरमैन राकेश पगारिया नया लियो क्लब के सदस्यों का स्वागत कर अन्धतानिवारण में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उपप्रांतपाल निशांत जैन ने बताया कि लायंस क्लब में समाज सेवा, चिकित्सा, शिक्षा, नई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कार्य करते लीडरशिप सीखने का इस मंच पर सुअवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सी.पी. गोस्वामी ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा 5 हजार से अधिक निशुल्क आंखों के ऑपरेशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ब्रेस्ट कैंसर वेन सेवा के लिए भीलवाड़ा में आएगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने भी लाइंस क्लब शताब्दी की सदस्यता ग्रहण की। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मल्टीपल चेयरमैन लायंस संजय भंडारी ने कहा कि हमें सेवा मुस्कुराहट के साथ करना चाहिए। उन्होंने अच्छे सेवा कार्य करने वाले सदस्यों को लॉयन पिन, लॉयन छाता, लॉयन जैकेट, डायबिटीज उपकरण आदि प्रदान किये। एडवाइजर के .एल. गिल्होत्रा ने सभी का धन्यवाद स्थापित किया। समारोह में भीलवाड़ा के सभी क्लब अध्यक्ष, सचिव , पूर्व जॉन चेयरमैन मंजूपोखरना, दिलीप गोयल, मदनगोपाल कालरा, एस.एस. गंभीर, सुभाष चुग आदि सदस्य उपस्थित थे। समारोह का संचालन लॉयन सुरेंद्र जैन ने किया।

बांध के रखरखाव और विकसित करने को लेकर दिये निर्देश

कलेक्टर और एसपी ने मेजा डैम का निरीक्षण किया

भीलवाडा, (निसं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने मांडल स्थित मेजा बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने बांध के रखरखाव व सौंदर्यीकरण के साथ बांध से जुड़ी सड़कों की मरम्मत, गेस्ट हाउस, तरणताल, कैंटीन, बच्चों के पार्क तथा पार्किंग स्थल की मरम्मत और देखरेख को लेकर दिशा निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने मनरेगा के माध्यम से साफ-सफाई और पार्क में समय-समय पर झाड़ियों को हटाने और घास की कटाई करने क लिए निर्देशित किया

कलेक्टर नमित मेहता व एसपी राजन दुष्यंत ने मांडल स्थित मेजा बांध का निरीक्षण कर निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और उपखंड अधिकारी से निरीक्षण के दौरान बांध की भराव क्षमता, पानी की आवक, पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने बताया कि बांध के विकास एवं टूरिस्ट प्लेस बनाने के लिए योजना बनाई है। जिसकी स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। जिला कलेक्टर मेहता ने बीडीओ और संबंधित अभियंता को मनरेगा के माध्यम से साफ-सफाई और पार्क में समय-समय पर झाड़ियों को हटाने और घास की कटाई करने क लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार, बीडीओ धनपत सिंह, तहसीलदार विपिन शर्मा सहित जल संसाधन विभाग व पीएचईडी के अधिकारी मौजूद रहे।

यग्योपवित संस्कार की अनूठी पहल

पुष्कर, (निसं)। ब्रह्मनगरी पुष्कर का नाम डेस्टिनेशन वेडिंग के हब के रूप में पूरे भारत मे खासा मशहूर है परंतु अब डेस्टिनेशन यग्योपवित संस्कार कार्यक्रम करके उज्जैन की केपिटल मीडिया के डायरेक्टर अश्विन व्यास ने एक नई पहल की है ।

दरअसल दो माह पूर्व उज्जैन के अश्विन व्यास व उनकी धर्मपत्नी मंजुला व्यास के पुष्कर प्रवास के दौरान मन मे ख्याल आया कि पुष्कर जैसे पवित्र तीर्थ में उनके दोनों सुपुत्रों अथर्व व्यास व वेद व्यास का यग्योपवित संस्कार इस पवित्र तीर्थ में किया जाए जिससे सभी परिवारजन भी तीर्थ में आकर पवित्र सरोवर का पूजन करके पुण्य लाभ भी कमाये। तीर्थ में यग्योपवित संस्कार के बारे में सुनते ही सभी परिवारजन भी खुशी से फूले नही समाय। पुष्कर स्थित एक होटल में दो दिवसीय कार्यक्रम किया गयाजिसमें करीब 150 परिजनों के साथ व्यास परिवार ने इस यग्योपवित संस्कार को पूरे विधि विधान में सम्पन्न करवाया। इस दौरान पवित्र पुष्कर की दिव्य महाआरती भी की गई। पवित्र पुष्कर की महाआरती पंडित चंद्रशेखर गौड द्वारा महाआरती की गई। 51 दीपकों से की गई इस महाआरती में जिसमें मुख्य यजमान अश्विन व्यास मंजुला व्यास अथर्व व्यास वेद व्यास व मुख्य अतिथि रामस्वरूप, दाऊलाल व्यास, उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

650 टन खनिज बजरी को खुर्द-बुर्द किया


जेसीबी मशीन से लगभग 650 टन खनिज बजरी को खुर्द-बुर्द किया गया।

- मंगरोप एवं काछोलिया के नदी क्षेत्र में खनिज बजरी के अवैध स्टॉक पाये जाने पर कार्रवाई की

भीलवाड़ा, (निसं)। शासन गृह (ग्रुप-10) विभाग के आदेश क्रम में जिले में खनिज बजरी के अवैध खनन/निर्गमन/भंडारण पर पूर्णतया रोक हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त के निर्देशानुसार तहसील हमीरगढ़ के ग्राम मंगरोप एवं काछोलिया के नदी क्षेत्र में खनिज बजरी के अवैध स्टॉक पाये जाने पर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के क्रम में खान विभाग के खनि कार्यदेशक ओमप्रकाश आगाल एवं मगनाराम मिर्धा मय पुलिस थाना मंगरोप के साथ खनिज बजरी के अवैध स्टॉक स्थल पर पहुंचे। नदी क्षेत्र में पांच अलग-अलग स्थानों पर बजरी का अवैध स्टॉक पाये जाने पर मौके पर ही जेसीबी मशीन की सहायता से लगभग 650 टन खनिज बजरी को खुर्द-बुर्द किया गया। खनि अभियन्ता चंदन कुमार ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में अवैध खनन/निर्गमन /भण्डारण पाये जाने पर उपखण्ड स्तरीय संयुक्त दल द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक अवैध खनन के कुल 19 प्रकरण, अवैध निर्गमन के 165 तथा अवैध भंडारण के 9 प्रकरण बनाये जाकर 3.09 करोड़ रुपये की शास्ति वसूली कि जाकर 23 प्रकरणों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।